83 लाख के आवंटन विवाद में विधिक महासंग्राम

अध्यक्ष मीना गोल्हानी ने किया ईओडब्ल्यू जांच का स्वागत, साजिशकर्ताओं पर साधा निशाना

लखनादौन नवभारत। नगर परिषद लखनादौन में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को लेकर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर की एफआईआर के बाद क्षेत्रीय राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी ने इस विधिक घेराबंदी के बीच कड़ा रुख अपनाते हुए जांच का पूर्ण हृदय से स्वागत किया है। उन्होंने इसे सत्य की विजय का मार्ग बताते हुए स्पष्ट किया कि वर्तमान नेतृत्व पारदर्शिता के प्रति संकल्पित है और इस जांच से उन चेहरों का पर्दाफाश होगा जो व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे हैं।

23 नामजद आरोपियों पर एफआईआर

जांच एजेंसी ने वर्ष 2020 की निविदा प्रक्रिया में 82.70 लाख की कथित राजस्व क्षति का आकलन करते हुए प्रकरण क्रमांक 43/2026 पंजीबद्ध किया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (लोक सेवक द्वारा अमानत में खयानत), 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(सी) व 13। 13 दुकानों का बिना पूर्ण भुगतान कब्जा सौंपना और आरक्षित दुकान क्रमांक 7 के आवंटन में विसंगति को जांच का मुख्य बिंदु बनाया गया है। तत्कालीन सीएमओ गजेन्द्र पाण्डे, पूर्व सीएमओ गीता वाल्मीकि और अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी सहित कुल 23 आरोपियों के विरुद्ध विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

अध्यक्ष मीना गोल्हानी का विधिक व तार्किक प्रतिवाद

अध्यक्ष ने इस पूरी कार्रवाई को विधिक चश्मे से देखते हुए बिंदुवार स्पष्टीकरण जारी कर विरोधियों को निरुत्तर किया है। अध्यक्ष ने दोटूक शब्दों में कहा कि वर्ष 2020 की निविदा प्रक्रिया उनके कार्यकाल की नहीं है। उन्होंने रेखांकित किया कि निविदा शर्तों का विधिक सत्यापन और तकनीकी जांच पूरी तरह से प्रशासनिक अधिकारियों (सीएमओ) व लिपिकीय स्टाफ का उत्तरदायित्व है। अध्यक्ष की भूमिका नीतिगत निर्णयों तक सीमित होती है।

गोल्हानी ने स्पष्ट किया कि एसटी वर्ग के आरक्षण को परिवर्तित नहीं किया गया है, बल्कि स्थल परिवर्तन पूर्णत: विधि सम्मत रूप से किया गया है। दुकानों की संख्या पूर्ववत है और उनके आयतन (Size) में कोई विसंगति नहीं की गई है। आरक्षण परिवर्तन की प्रक्रिया शासन के निर्धारित नियमों के अधीन प्रीमियम राशि राजकोष में जमा करने के बाद ही निष्पादित की गई है।

श्रीमती मीना गोल्हानी
अध्यक्ष
नगर पंचायत लखनादौन

श्रीमती गीता वाल्मीकी
पूर्व सीएमओ
लखनादौन

गजेन्द्र पांडे
पूर्व सीएमओ
लखनादौन

डिफाल्टर ठेकेदार और विधिक कवच की तलाश

नरसिंहपुर हॉस्पिटल रोड (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) के निर्माण में अत्यधिक विलंब करने वाला और पेट्रोल पंप मार्केट व रघुनाथ कॉलोनी मार्केट की दुकानों में निम्न स्तर की शटर लगाने वाला यह ठेकेदार अब विधिक कवच खोज रहा है। अध्यक्ष मीना गोल्हानी द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और कार्य में लापरवाही के कारण निविदा निरस्त करने की कार्यवाही से बौखलाकर, उसने अपनी विफलताएं छिपाने हेतु नेतृत्व पर यह रणनीतिक प्रहार किया है। अध्यक्ष और पूर्व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता ठेकेदार द्वारा मार्केट कॉम्प्लेक्स का कार्य अत्यंत निम्न गुणवत्ता से किया जा रहा था। भ्रष्टाचार और गुणवत्ता से समझौता न करने के कारण प्रतिशोध स्वरूप यह दुर्भावनापूर्ण शिकायत दर्ज कराई गई है।

गीता वाल्मीकि पूर्व सीएमओ का पक्ष

दुकानों के श्रेणी परिवर्तन का निर्णय व्यक्तिगत न होकर, निकाय की वित्तीय स्थिति और शासन के स्पष्ट विधिक नियमों के अधीन था। राजकोष में विधिवत प्रीमियम राशि जमा कराने के उपरांत ही यह प्रक्रिया पूर्ण की गई है, जो पूर्णत: दस्तावेजी साक्ष्यों पर आधारित है। संबंधित ठेकेदार और अवैध कॉलोनी संचालकों द्वारा बनाया गया अनैतिक दबाव, भ्रष्टाचार के विरुद्ध मेरी कठोर कार्यप्रणाली का प्रतिशोध है। गुणवत्ता से समझौता न करने पर मेरा स्थानांतरण कराना और अब विधिक संस्थानों को भ्रमित करना, भू-माफियाओं के एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है। अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी ने दोहराया कि परिषद ने किसी को भी बिना भुगतान कब्जा नहीं सौंपा है। उन्होंने कहा, हम ईओडब्ल्यू की कार्रवाई का स्वागत करते हैं। यह जांच उन तत्वों को बेनकाब करेगी जिन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ और प्रतिशोध के लिए संस्था की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है।

छपारा में फूटी पाइप लाइन का हुआ सुधार

चौथे दिन लोगों ने राहत की सांस ली, प्राकृतिक स्रोतों की साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद छपारा नगण्य

नव भारत खबर का असर

छपारा नवभारत। वर्तमान में जिस तरह मौसम में उछाल देखा जा रहा है उससे आगे किस प्रकार तापमान रिकॉर्ड बना सकता है अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है।

वहीं दूसरी ओर विगत 2 मार्च को नगर के बाजार स्थित कुम्हारी वार्ड चौराहा के समीप नगर परिषद की पेयजल आपूर्ति की सप्लाई लाइन फटने से तीन दिन तक अनेक वार्डों की पेयजल आपूर्ति बाधित हुई और एन त्यौहार पर घरों में पानी नहीं होने से लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा जिसे लेकर नगर परिषद छपारा 5 मार्च को सुधार कार्य शुरू किया गया जो 6 मार्च को पूरा कर लिया गया और वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली वहीं वर्तमान दिनों में जिस तरह दिन के समय तेज धूप हो रही उससे आगामी गर्मी के लिए नगर परिषद छपारा द्वारा प्राकृतिक और परंपरागत जल स्त्रोतों कुएं,बाबडी और हेडपंप को सहेजने और साफ-सफाई को लेकर गतिविधियां नहीं होने एवं पेयजल के भंडारण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं जिसे लेकर नगरवासियों ने अपील की गई है की समय के पूर्व ठोस कदम उठाए जाएंगे तो परेशानियों से बचा जा सकता है।

दरअसल नगर परिषद द्वारा पीएचई कार्यालय परिसर स्थित जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पानी की टंकी को विगत दो वर्षों से उपयोग में नहीं लिया जा रहा है वहीं नगर के चार स्थानों पर नवीन टंकियों का निर्माण कार्य शुरु तो हो गया है परन्तु चारों के पूर्ण रूप से तैयार होने में अभी लंबा समय लगेगा जहां अधिकांश टंकियों कार्य बंद स्थिति में है।

अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

सिवनी। जिले में अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण के संबंध में जिला मूल्यांकन समिति सिवनी की बैठक आज 06 मार्च 2026 को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी जिला स्तरीय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सिवनी, लखनादौन, केवलारी और बरघाट की उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य की अंतरिम दरों के प्रस्तावों का अवलोकन और विस्तृत विश्लेषण किया गया। प्रस्तावों का सूक्ष्म परीक्षण करने के बाद समिति द्वारा उन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। समिति द्वारा अनुमोदित बाजार मूल्य दरों को जिला पंजीयक कार्यालय सिवनी तथा सम्पदा 2.0 पोर्टल पर देखा जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को इन दरों के संबंध में कोई दावा या आपत्ति है तो वह अगले 7 दिनों के भीतर जिला पंजीयक कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

एक नजर में

बैठक एवं परिचय सम्मेलन मे शामिल हुए विधायक

सिवनी। सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला बैठक एवं कार्यकारिणी परिचय सम्मेलन मे सम्मिलित हुए।आज जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बारापत्थर सिवनी मे दोपहर 01:00 बजे से अशोक रोहाणी विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता मे आयोजित प्रथम जिला बैठक एवं कार्यकारिणी परिचय सम्मेलन मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सम्मिलित होकर शाल, श्रीफल से आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

एसएससी महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न

सिवनी। जीवन उसे पतंग की डोर की समान है जो किसी धागे से बंधी हुई है और यही स्थिति हर इंसान के साथ जुड़ी हुई है जीवन में कुछ ऐसा कर जाए जिससे आपके परिवार का नाम रोशन हो यही हमारी शुभकामना है और कैसे की बात बनवासी विकास परिषद के संयोजक नाथूराम धुर्वे ने एसएससी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ बेड की टिंकल टेंभरे ने की कथक नृत्य पूर्वी चौरसिया ने प्रस्तुत किया गीतिका और ग्रुप ने नृत्य किया निहारिका और दीक्षा ग्रुप में गीत प्रस्तुत किया गोमती कश्यप सोलो डांस मनीषा और ग्रुप में ग्रुप डांस पलक शेफाली राजस्थानी नृत्य पलक बिसेन ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी इसी तरह जीशान मंसूरी निशा और राजेश्वरी पवित्र और ग्रुप अनुश्री अनुश्री और ग्रुप निहारिका विसेन पलक पटले राहग डाले अनिकेत दूदानी अनमोल और ग्रुप नेहा जैन महिमा रंहगडाले नमन अंकित सेन भावना मीनाक्षी मोहित श्रीवास्तव मौसम और ग्रुप दुर्गावती सहित सुनील सोनी संजय जैन ने भी अपनी प्रस्तुति दी इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार जगदी तपिश ने आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर आर के चतुर्वेदी अजय चतुर्वेदी निधि चतुर्वेदी अखिलेश यादव अन्नपूर्णा मिश्रा रामेश्वर पांडे अनिकेत अहिरवार वैशाली अभिषेक सनोदिया अरुण पटेल सीमा सिंगोरिया चारु लता सिसोदिया ममता बावरिया प्रियंका सोनी कामिनी श्रीवास्तव सुनील रजक गौरव सनोदिया शिवदत्त पांडे राज यादव अक्षय डोंगरे क्षितिज ठाकुर कुलदीप परमार आदि का योगदान रहा

कलेक्टर ने गौशाला देवरीटीका का अवलोकन किया

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले ने जनपद पंचायत धनोरा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत देवरीटीका के कोठीघाट स्थित गौशाला पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे, नमोवन अंतर्गत किए गए प्लांटेशन तथा किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देवरीटीका गौशाला का सुव्यवस्थित संचालन अन्य गौशालाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह जिले की गौशालाओं के लिए मॉडल के रूप में विकसित हो सकती है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने गौशाला के संचालन में ग्राम पंचायत और आजीविका समूह की भूमिका की भी सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती पटले सहित उपस्थित अधिकारियों ने गौशाला में तिलक-रोली लगाकर विधिवत गौ-पूजन किया।

होटल में खाना बनाने वाले 02 कमर्चारी निकले शातिर चोर

चोरी की मशरुका जप्त, 02 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए सतत् सक्रिय रहते हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

उल्लेखनीय है 05/03/2026 को प्रार्थी श्रीमती अनिता इनवाती पति स्व. परसादीलाल इनवाती निवासी गांधी वार्ड सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 04/03/2026 की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके घर का ताला तोडकर पर्स में रखे सोने का मंगलसूत्र नकदी 3000/- रुपये एवं एचपी कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर किसी चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 178/2026 धारा 331 (4), 305() बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल चित्रगुप्त मंदिर के आसपास संदिग्धों के संबंध में आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई जो दुकान का ताला तोडकर चोरी करने वाले संदिग्धों की पहचान नजीर होटल में काम कर रहे पूरनलाल यादव निवासी ग्राम बारी थाना छपारा एवं रामनिवास ककोडिया निवासी ग्राम चौरई जिला मंडला के रूप में हुई जिसकी तलाश की जाकर पूछताछ की गई जिन्होने पूछताछ पर घटना घटित करना एवं चोरी किये गये नकदी रुपये से कुछ रुपये खर्च करने की बात स्वीकार करने पर चोरी का मंगलसूत्र, गैस सिलेण्डर एवं नकदी को विधिवत् जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी राम निवास ककोडिया पिता झाईलाल ककोडिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चौरई थाना बीजादांडी जिला मंडला एवं राजू उर्फ पूरन यादव पिता कन्हैयालाल यादव उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बारी थाना छपारा के कब्जे से 01 सोने का मंगलसुत्र, एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर, नकदी 1400/- रुपये, कुल मशरुका कीमती 155000/- रुपये एवं ताला एवं हथोडी जप्त की है। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सतीश तिवारी, सउनि प्रमोद मालवी, प्र.आर. मनोज पाल, आर. संतोष साहू, विनय सेंगर, अजेन्द्र पाल, सिध्दार्थ दुबे एवं चालक इरफान की विशेष भूमिका रहीं हैं।

16 वर्ष की आयु में शांति देवी पांडेय का निधन, कटंगी नाका मोक्षधाम में अंतिम संस्कार संपन्न

सिवनी नवभारत। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में पदस्थ पी.पी. पांडेय की माताजी शांति देवी पांडेय का 116 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा परिचितों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। वे परिवार की सबसे वरिष्ठ सदस्य थीं और लंबे समय से सादगीपूर्ण तथा धार्मिक जीवन व्यतीत कर रही थीं।

शांति देवी पांडेय का अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके निज निवास एकता कॉलोनी, अकबर वार्ड से अंतिम यात्रा निकालकर कटंगी नाका मोक्षधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, समाज के अनेक लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत शांति देवी पांडेय अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके पुत्रों में हरि प्रसाद पांडेय (बड़े बेटे), लोकेश पांडेय, कृष्णकांत पांडेय तथा पी.पी. पांडेय शामिल हैं। वहीं पुत्रियों में लक्ष्मी पांडेय और चंद्रकांता पांडेय हैं। परिवार में बहू भारती पांडेय तथा नातिन डॉ. ऋचा पांडेय सहित अन्य परिजन भी हैं, जो उनके निधन से गहरे शोक में हैं। परिजनों और परिचितों के अनुसार शांति देवी पांडेय का जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण, धार्मिक और संस्कारों से परिपूर्ण रहा। वे परिवार और समाज में अपने शांत स्वभाव, स्नेहपूर्ण व्यवहार तथा धार्मिक प्रवृत्ति के कारण विशेष रूप से सम्मानित थीं। इसके अलावा उन्हें ज्योतिष का भी गहन ज्ञान था और इसी कारण जिले में उनकी एक अलग पहचान थी। कई लोग उनसे ज्योतिष संबंधी मार्गदर्शन लेने भी पहुंचते थे।

ग्राम कुदवारी में 9 से 17 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

घंसौर नवभारत। तहसील घंसौर के ग्राम कुदवारी में 09 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में कथा व्यास पं. श्री रामचन्द्र जी महाराज (सिलगी वाले) श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण लीला एवं भागवत महात्म्य का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा प्रवचन प्रारंभ होगा, जो शाम 5:30 तक चलेगा।आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत 09 मार्च सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। 17 मार्च, मंगलवार को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक संगीतमय पाठ, पारायण एवं विशेष पूजन का क्रम भी रहेगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान श्री सुरेंद्र पटेल-श्रीमती कौशी बाई (ग्राम पटेल), श्रीमती रामेश्वरी पटेल तथा रविन्द्र पटेल श्रीमति रानू (पटेल परिवार) रहेंगे। सतेंद्र पटेल - मोनिका, उपेंद्र पटेल-अनुराधा, शैलेन्द्र (मुकुल) पटेल-खुशबु है आयोजकों परिवार ने बताया कि यह आयोजन अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति एवं ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना से रखा गया है। कथा स्थल ग्राम कुदवारी में यजमान परिवार के निज निवास पर निर्धारित किया गया है। आयोजक परिवार ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। ग्राम में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

हत्या के प्रयास मामले में तीन गिरफ्तार : पिस्टल और कारतूस बरामद

सिवनी नवभारत। शहर में युवक पर हुए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, पिस्टल, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले शहर में एक युवक पर हमला कर हत्या का प्रयास किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मामले से जुड़े आरोपी पेंच क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक कार, एक पिस्टल, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद सामान को जब्त कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में अजीत उपाध्याय और प्रबुद्ध शुक्ला शामिल हैं। इनके खिलाफ पहले से भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। घटना में उनकी भूमिका को लेकर पूछताछ जारी है और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को शहर के प्रमुख मार्गों से ले जाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के बीच थाने पहुंचाया। इस दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

'मां की बगिया' योजना के कार्यों का किया अवलोकन

सिवनी नवभारत। कलेक्टर शीतला पटले ने जनपद पंचायत धनोरा क्षेत्र के ग्राम हिंगवानी पहुंचकर 'मां की बगिया' योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हाईटेक प्लांटेशन का निरीक्षण कर शासकीय भूमियों पर कराए गए बृहद वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने पौधों की उत्तरजीविता एवं उनकी अच्छी वृद्धि को देखकर पंचायत अमले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनुकरणीय प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र में हरित वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार के अनुकरणीय कार्यों को प्रोत्साहित किया जाए। इस दौरान एसडीएम श्री बिसन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परम्परा अब मिक्सी ने लगभग हर रसोई में अपनी जगह बना ली, पारंपरिक हुनर और उससे जुड़े लोगों का जीवन बन गया है कठिन

अहिल्याबाई विश्वकर्मा सील पत्थर को टाक कर चलाती है घर खर्च

उगली नवभारत। आम आदमी की खास कहानी में आज हम आपको ले चलते हैं विकासखंड केवलारी के अंतर्गत ग्राम उगली, जहां की रहने वाली अहिल्याबाई विश्वकर्मा पिछले लगभग 20 वर्षों से सील-पत्थर (सिलबट्टा) को छैनी-हथौड़ी से टांक कर अपना घर खर्च चलाती आ रही हैं। गांव की गलियों में जब भी किसी पुराने सील-पत्थर की सतह घिस जाती है, तो अहिल्याबाई दादी को याद किया जाता है। वे अपने औजार लेकर घर-घर पहुंचती हैं और पत्थर की सतह को फिर से खुरदरा कर उसे उपयोग लायक बना देती हैं। एक सील-पत्थर को टांकने में उन्हें लगभग 45 से 60 मिनट का समय लगता है। मेहनत भरा काम है, लेकिन यही उनका सहारा है। अहिल्याबाई बताती हैं कि पहले यह काम खूब मिलता था। हर घर में मसाले, अदरक, लहसुन और प्याज सील-पत्थर पर ही पीसे जाते थे। लेकिन अब मिक्सी ने लगभग हर रसोई में अपनी जगह बना ली है। अब बहुत कम बुलावा आता है। जो लोग पुराने स्वाद और परंपरा को मानते हैं, वही हमें याद करते हैं, वे कहती हैं। करीब दो दशक पहले एक सील-पत्थर टांकने के 30 रुपये मिलते थे। बढ़ती महंगाई को देखते हुए अब वे 50 रुपये लेती हैं। हालांकि काम की संख्या कम हो गई है, लेकिन आत्मसम्मान और परिश्रम से कमाई गई यह राशि उनके लिए गर्व का विषय है। अहिल्याबाई की कहानी सुनते ही गांव के कई लोगों को अपने बचपन के दिन याद आ जाते हैं जब मां अपने हाथों से सील-पत्थर पर मसाले पीसकर सुगंधित और स्वादिष्ट सब्जियां बनाया करती थीं। उस स्वाद में मेहनत, अपनापन और परंपरा की खुशबू घुली रहती थी। आज तकनीक ने काम आसान जरूर कर दिया है, लेकिन कहीं न कहीं पारंपरिक हुनर और उससे जुड़े लोगों का जीवन कठिन बना दिया है।

सिवनी में एम्बेड प्रोजेक्ट के तहत जनजागरूकता रथ का शुभारंभ

सिवनी नवभारत। गत दिवस जिला चिकित्सालय सिवनी में 'Elimination of Mosquito Borne Endemic Disease (EMBED) Project' के अंतर्गत जनजागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर महोदया एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह एवं ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

यह अभियान एम्बेड प्रोजेक्ट के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। परियोजना का संचालन Family Health India द्वारा किया जा रहा है, जिसमें Godrej Consumer Products Limited का सहयोग प्राप्त है। आज सिविल अस्पताल केवलारी परिसर से जनजागरूकता रथ को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के लाकरा, भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी अशोक बंदेवार एवं डॉक्टर अंकुर उपाध्याय एवं डॉक्टर स्वप्निल काकोडिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एम्बेड परियोजना के ब्लॉक कॉर्डिनेटर विवेक झारिया, मनीषा बागड़े MTS, रमनलाल ठाकुर BEE, डॉ आहुति साहू स्वष्ठ, मीना ठाकुर DEO, विशाल बिसेन, पार्वती नागवंशी, सतेंद्र सिंह ब्रह्मणे, गौरव पिपरे, माधुरी देशमुख, रितु सैयाम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।यह रथ विकासखंड केवलारी के मलेरिया प्रभावित ग्रामों में भ्रमण कर आमजन को मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देगा।